भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. *66

जिसका उत्तर 21.11.2019 को दिया जाना है

रिंग रोड का निर्माण

*66. डॉ॰ उमेश जी॰ जाधव:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को कर्नाटक राज्य में रिंग रोड के निर्माण के लिये कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो नये रिंग रोड के निर्माण हेतु इसमें सम्मिलित किये गये जिलों के नाम क्या हैं;

(ग) इन रिंग रोड के निर्माण पर कुल कितनी राशि व्यय किये जाने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.): एक विवरण सभा-पटल पर रखा गया है।

‘रिंग रोड का निर्माण’ के संबंध में डॉ. उमेश जी. जाधव द्वारा 21.11.2019 को पूछे गए लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *66 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) में उल्लिखित विवरण

(क) से (ड.): भारत सरकार ने 5,35,000.00 करोड़ रु. के अनुमानित परिव्यय से लगभग 34,800 किमी (10,000 किमी के शेष एनएचडीपी खंडों सहित) कुल लंबाई के राजमार्ग खंडों का विकास करने के लिए अक्टूबर, 2017 में भारतमाला परियोजना चरण-I को अनुमोदित किया था। भारतमाला परियोजना के तहत 28 रिंग रोड के साथ-साथ 191 अवरुद्ध स्थानों/भीड़भाड़ वाले स्थानों को विकसित करने हेतु अभिनिर्धारित किया गया है। भारतमाला परियोजना में संबंधित राज्य सरकारों के अनुरोध पर वृहत चुनौती तंत्र के तहत परियोजाएं शुरू करने का प्रावधान भी है यदि संबंधित राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण की न्यूनतम 50% लागत वहन करने के लिए तैयार होती है।

भारतमाला परियोजना के तहत कर्नाटक राज्य में बैंगलुरू (कर्नाटक राज्य में बैंगलुरू ग्रामीण, बैंगलुरू शहर, रामनगर जिलों तथा तमिलनाडु में किशनगिरि जिले से होकर गुजरने वाले) तथा बेलगाम में (बेलगवी जिले में) 02 रिंग रोड के साथ-साथ बेल्लारी, होसपेट, हुबली, धारवाड़, हसन, मंगलौर (दक्षिण कन्नड़ जिला), उडुपी शहरों आदि में इंटरवेंशन का प्रावधान है। बैंगलुरू रिंग रोड, बेलगाम रिंग रोड और मंगलौर शहर (रिंग रोड) में इंटरवेंशन के लिए योजना और रूपरेखा, लागत प्राक्कलनों, निविदा दस्तावेजों, भूमि अधिग्रहण आवश्यकताओं आदि को अंतिम रूप देने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, बैंगलुरू रिंग रोड के लिए लगभग 7906 करोड़ रु. और मंगलौर शहर रिंग रोड के लिए लगभग 3280 करोड़ रु. की लागत है। बेलगाम रिंग रोड के लिए लागत का अनुमान नहीं लगाया गया है।

राजमार्ग खंडों का विकास विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/साध्यता अध्ययन, परियोजना व्यवहार्यता, पारस्परिक-प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के परिणाम के आधार पर संरेखण, लागत प्राक्कलनों, भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता आदि को अंतिम रूप देने के पश्चात किया जाता है।

*****